



# नल-जल योजना ठप, ग्राम उदका में जलसंकट

## पीएचई की लापरवाही, तीन किमी दूर से पानी ला रहे ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते ग्राम पंचायत उदका के लोगों ने गर्मियों में जल संकट झेला और अब वर्षा में भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. ग्रामवासियों को 3 किमी दूरस्थ खेतों में बने कुओं से पानी लाकर काम चलाना पड़ रहा है. वहीं अभी तक तहसील में करीब 30 इंच वर्षा होने के बावजूद भी जल संकट व्याप्त है. जिसका कारण नल जल योजना का कई महीनो से बंद पड़ी है, जिस पर पीएचई विभाग एवं पंचायत विभाग ध्यान दे रहा है.**

जनपद , पीएचई विभाग एक -दूसरे की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रहे है कि हमने नल जल योजना पंचायत के सुपुर्द कर दी है. अब संचालन एवं संधारण की जिम्मेवारी उन्हीं की है. परेशान ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत की लेकिन आज तक निराकरण नहीं किया गया.



पीने के पानी की व्यवस्था के कारण मजदूर मजदूरी करने नहीं जा पा रहे हैं. माहिलाएं समय से घर का काम नहीं कर पा रहीं, छात्र छात्राएं समय से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि एक खेप लाने में घंटे दो घंटे का समय लगता है. ग्रामीणों में युवराज अग्रवाल, जगदीश तिवारी, लीलाधर साहू, बाबूलाल सेन, शिवप्रसाद महाराज, मनमोद पटेल, संतोष सेन, बल्लू विश्वकर्मा, अशोक शिल्पकार, राजकुमार, भगवान दास, गोविंद, सलाक राम इत्यादि सहित दर्जनों पीड़ित लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई है कि ग्राम पंचायत उदका के रहवासियों के लिए पीने के पानी के लिए पेयजल की शीघ्र व्यवस्था कराई जाए, बंद पड़ी नल जल योजना को शीघ्र चालू करवाया जाए. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि पीएचई विभाग ने तत्काल व्यवस्था नहीं की तो उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे.

अब जबकि लगातार कई दिनों से बारिश हो रही है ऐसी भारी बारिश के बावजूद लोगों को खेतों में बने कुए व ट्यूबवेल से दो से तीन किलोमीटर पैदल चलकर पानी लेकर आना मजबूरी बना हुआ है. प्रतिदिन सुबह उठते ही मध्यम और गरीब परिवार के लोग पूरे परिवार के साथ पानी लेने के लिए खेतों की ओर नंगे पैर जाते हुए दिखाई देते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि हम समस्त ग्रामीण पेयजल की समस्या से विकट स्थिति से जूझ रहे है हमारे यहां गर्मियों में तो पानी दो तीन किलोमीटर दूर से हम लोगों को लाना ही पड़ता है, लेकिन अभी बरसात में भी हमें पीने के पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है. महिलाएं, बच्चे कीचड़ में से सड़क तक नंगे पैर दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं. बरसात के पहले तो मोटरसाइकिल से चार कुप्पे बांधकर किसी के भी खेत के कुएं से ले आते थे, लेकिन अब खेत के सारे रास्ते बरसात के कारण बंद है.

### एक नजर में



#### छात्र-छात्राओं की कैबिनेट का गठन

**रायसेन, 13 जुलाई.** शनिवार को सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल रायसेन में छात्र-छात्राओं के कैबिनेट का गठन किया गया, जिसमें छात्रों के अलंकरण समारोह में स्कूल प्राचार्या सिस्टर हैलेन द्वारा पदभार ग्रहण कराया. कॉन्वेंट स्कूल के 50 वें गोल्डन जुबली स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में चालू शिक्षा छात्र 2025-26के लिए कैबिनेट के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया.प्रोविंस सुपीरियर सिस्टर लूसीद्वारा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल शामिल हुए.जबकि विशेष अतिथि के रूप में बीईओ ऐश्वर्या मूंदड़ा मौजूद रहीं.अतिथियों द्वारा छात्र संघ कैबिनेट के सदस्यों को शपथ भी दिलाई. छात्र-छात्रा संघ कैबिनेट के पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया.

# किसान पर रॉड से हमला, 2 भाइयों पर केस दर्ज

## ट्रांसफार्मर से डोरी डालने को लेकर हुआ विवाद

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर,13 जुलाई. रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे सालेरा गांव में बिजली ट्रांसफार्मर में डोरी डालने को लेकर दो पड़ोसी किसानों में जमकर मारपीट की घटना हो गई, जिसमें एक किसान के सिर पर दो सगे भाइयों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया. हमले से किसान का सिर फट गया. घायल किसान को ईलाज के लिए तत्काल सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई.**

वहीं पुलिस ने फरियादी जीतेन्द्र धाकड़ पिता सुखराम धाकड़ निवासी सेवासनी की रिपोर्ट पर आरोपी दो सगे भाइयों बाबूलाल धाकड़ और हरिनारायण धाकड़ पिता गोरेलाल धाकड़ निवासी सेवासनी के विरुद्ध धारा 115(2), 351(3),3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है. थाने के प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा ने बताया कि रविवार सुबह सालेरा गांव में 8 से 8:30 बजे के बीच किसान जीतेन्द्र धाकड़ के खेत पर लगे बिजली ट्रांसफार्मर में पड़ोसी खेत वाले किसान बाबूलाल धाकड़ और हरिनारायण धाकड़ अपनी पानी की मोटर चलाने के लिए डोरी डाल रहे थे. जीतेन्द्र ने डोरी डालने से मना कर कहा कि यह ट्रांसफार्मर मैंने स्वयं के खर्च पर लगवाया है. और तुम्हारी पहले से ही एक डोरी ट्रांसफार्मर पर डली हुई है. अब दूसरी नहीं डालने दूंगा. इतना सुनते ही बाबूलाल और हरिनारायण ने गुस्से में आकर लोहे की रॉड से जीतेन्द्र के सिर पर वार कर दिया.

**इनका कहना है.**

रविवार सुबह के समय सालेरा गांव में दो पड़ोसी किसानों के बीच ट्रांसफार्मर में डोरी डालने को लेकर मारपीट की घटना हो गई है. एक किसान के सिर में लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया है. 2 आरोपी सगे भाइयों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर.**

# विनायकपुर पुल की एप्रोच रोड धंसी, हो रहे हादसे

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. भोपाल सड़क पर स्थित ग्राम बर्री कला में बीना नदी घाट पर बना पुल जो कि विनायकपुर सहित पश्चिम क्षेत्र के 14 गांवों को जोड़ता है. इस सड़क पर नवनिर्मित पुल की एप्रोच रोड के धसकने से दो एवं छोटे चार पहिया वाहनों के निकलने पर तेज झटका लगता है और कभी -कभी तो बाइक चालक उछलकर गिरकर गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं. इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.**

ग्राम बर्री कला के पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बीना नदी के एप्रोच पुल की रोड 6 से 8 इंच तक धंस चुकी है. जिसके कारण जगह -जगह गड्ढे होने से छोटी कार ,जीप एवं दो पहिया वाहन चालकों को आने जाने में काफी समस्या हो रही है. दो पहिया वाहन तो तेज रफ्तार होने से दुर्घटनाग्रस्त हो रही है.



जबकि पुल को बने हुए अभी मात्र 4 महीने ही हुए हैं. ठेकेदार की लापरवाही एवं घटिया निर्माण कार्य की पोल खुल गई है. क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है कि अभी मात्र 4 माह हुए हैं , तो आगे क्या स्थिति होगी. बार -बार लोकनिर्माण विभाग एवं संबंधित ठेकेदार को जानकारी देने पर भी सुधार नही कराया जा रहा है. इस संबंध में लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ राजाराम अहिरवार का कहना है कि संबंधित ठेकेदार को सूचना पत्र देकर कार्य में सुधार कराया जाएगा.



# स्वर्गीय विमलचंद जैन के निवास पहुंचे शिवराज

## परिजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 13 जुलाई.** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लौटते समय विगत रात्रि को भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. विमलचंद जैन के सलामतपुर स्थित निवास पर रुके. इस दौरान उनके साथ उनके सुपुत्र भाजपा युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान भी साथ थे. स्वर्गीय जैन के सुपुत्र अंकित जैन एवं उनकी पत्नी शारदा देवी जैन, भाई सुभाष जैन, जिनेंद्र जैन, मनोज जैन, नीतेश जैन आदि परिजनों से भेंट कर रूबरू होकर चर्चा की एवं उन्हें धीरज बंधाया. इस अवसर पर सांची विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता गंगाराम चौकसे, राकेश तोमर, मीडिया प्रभारी सी एल गौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# महापुरुषों की कथा सुनने से मन होता है पवित्र

## धर्मसभा में मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने दिए प्रवचन

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 13 जुलाई. 83 करोड़ योनियों में भटकने के बाद मनुष्य भव मिला है इस भव का उपयोग धर्म कार्यों में लगाओ किसी की निंदा - आलोचना करने में समय व्यर्थ ना गवाओ, जिस क्षण तीर्थयात्रा, मंदिर जाने अथवा मुनिराजों के दर्शन की भावना जाग्रत होती है उसी समय जीव के कर्मों की निर्जरा प्रारंभ हो जाती है.**

यह उद्गार पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए. वह नगर के प्राचीन पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को सुबह के समय समाजजनों को संबोधित कर रहे थे. धर्म सभा को मुनि निवृत्त सागर महाराज ने भी संबोधित किया. मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बताया कि महापुरुषों की कथा सुनने से मन पवित्र हो जाता है. निरंतर महापुरुषों, साधु संतो, ऋषि मुनियो की गाथ का मंथन व स्मरण करते रहना चाहिए ऐसा करने से मन पवित्र रहता है बल्कि सात्विकता के भाव भी आने के साथ ही मन में भटकाव के विचार नही आते है.



**जीवों के प्रति क्षमा भाव रखो**

मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बताया कि सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवो के प्रति क्षमा भाव रखों, क्षमा धर्म ही जीवन का मूल है. जो जीवो के प्रति क्षमा का भाव रखता है मन में करुणा का भाव आता हैं उस व्यक्ति का भव सुधर जाता है. उन्होंने स्वाध्याय के पांच रूप वाचना, प्रक्षणा,अनुप्रेक्षा,आमनाय और धर्मोपदेश का भी विस्तार से वर्णन किया . धर्म सभा में मुनि निवृत्त सागर महाराज ने कहा कि बारह भावनाओं में अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व,अन्यत्व, अशुचित्व, आश्रव, संवर, निर्जरा, लोक, दुर्लभ और धर्म प्रमुख हैं.



# आज शिवालयों में गूंजेंगे हर हर महादेव के जयकारे

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. क्षेत्र के सबसे ज्यादा सुप्रसिद्ध नीलकंठेश्वर धाम हरदौट में आज से हजारों शिवभक्तों का मेला लगेगा. वहीं नगर के गांधी बाजार में स्थित सुप्रसिद्ध बड़ा शिवालय मंदिर, झिरिया मंदिर, खिरिया नारायण दास टेकरी मंदिर, त्रिवेणी आश्रम, कोहनियां -मोहनिया शिव मंदिर सहित तहसील के पंजीकृत 95 शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ नाथ की भक्ति में लीन हजारों भक्तों की भीड़ लगेगी, हर हर महादेव की गूंज के साथ जयकारों एवं शिवलिंगों की पूजा -अर्चना एवं जगह - जगह भक्तों द्वारा हजारों शिवलिंगों की रुद्रियों का निर्माण और विशेष पूजन शुरू हो रहा है.**

श्रावण का महीना और आज प्रथम सोमवार है, दोनों का बहुत महत्व है. कथावाचक पंडित कमलेशकृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्रावण, जिसे सावन भी कहा जाता है, भगवान शिव को समर्पित महीना है. इस महीने में सोमवार का दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है और इसे श्रावण सोमवार के रूप में मनाया जाता है.

भक्ति और तपस्या:- श्रावण का महीना भक्ति और तपस्या का महीना माना जाता है, और इस दौरान भक्त भगवान शिव की कृपा पाने के लिए व्रत और पूजा करते हैं.

**मनोकामनाओं की पूर्ति:-** ऐसा माना जाता है कि श्रावण में सोमवार का व्रत रखने और भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं.

**श्रावण सोमवार का महत्व**

**भगवान शिव को प्रिय:-** सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है, और श्रावण में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व है.

**श्रावण मास का महत्व**

**भगवान शिव का महीना:** श्रावण को भगवान शिव का महीना माना जाता है, और इस दौरान उनकी पूजा-अर्चना करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं. पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री कहते हैं पुराण के अनुसार श्रावण मास की कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है, जिसमें भगवान शिव ने विष पीकर सृष्टि को बचाया था.

**व्रत और पूजा:-** इस दिन भक्त व्रत रखते हैं और शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र आदि चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं.

# दो थानों के बीच उलझा बहते हुए शव का रहस्य

**बेगमगंज, 13 जुलाई.** बेगमगंज थाना अंतर्गत बीना नदी के खजुरिया घाट पर 12 जुलाई की शाम एक युवक का शव बहते हुए वीडियो कुछ लोगों ने मोबाइल से बनाया था और बताया गया था कि शव आगे निकल गया, लेकिन खबर फैलते ही पेकलोन गांव के लोग सक्रिय हो गए क्योंकि उनके गांव से एक युवक हरदयाल लोधी पुत्र गया प्रसाद लोधी अपनी ससुराल खैरी गया था, जो वहां से 9 जुलाई को वापस घर आने के लिए निकला था. शाम 8 बजे तक वह कुछ परिचितों को बेगमगंज बस स्टैंड पर देखा गया. उसके बाद से वह लापता है.

परिजनों को शक है कि हो सकता है नदी में बहने वाला शव उस लापता युवक का ही हो. मोहन सिंह लोधी ने बताया कि परिजन जब राहतगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने गए तो वहां गुमशुदगी दर्ज नहीं की गई. उन्हें उल्टे पांव ये कह कर वापस कर दिया कि जहां से गायब हुआ उसी थाने में दर्ज कराओ तो उन्होंने बेगमगंज थाने में आकर गुम इंसान कायम कराया. पुलिस ने रविवार की सुबह फिर से एसडीआरएफ टीम को बुलाकर खोजबीन शुरू कराई है, लेकिन नदी में पानी अधिक होने के कारण पुलिस के द्वारा पुल के नीचे या नदी में सर्चिंग नहीं की गई है.

परिजनों का कहना है कि पुल के नीचे शव जाने के बाद दूसरी तरफ निकलते हुए किसी ने नहीं देखा इसलिए उन्हें आशंका है की शव पुल के नीचे झाड़ियों वगैरह में फंसा हो सकता है. बेगमगंज थाने के दो जवान बीना नदी के खजुरिया घाट पर मौजूद हैं.



# सावन माह का पहला सोमवार आज

**सिलवानी, 13 जुलाई.** सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में विशेष पूजन अनुष्ठान अभिषेक आयोजित किए जाएगें. शिव मंदिरो को आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया है. अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का जत्था शिव मंदिरो में पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व पूजन अर्चना करते है. दिन भर ही मंदिरो में बम बम भोले के जयकारे की गूंज सुनाई देती है. नगर के बजरंग चौराहा, शिव मंदिर गांधी आश्रम, लोनिवि, बेंगवा सहित अन्य स्थानों पर स्थित शिव मंदिरो में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं. भगवान शिव की भक्ति और आराधना का माह सावन 11 जुलाई से शुरू हो गया है. सावन माह में आने वाले सोमवार का विशेष महत्व माना जाता है.




# हरदा की घटना को लेकर करणी सेना का चक्काजाम

## सलामतपुर पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध की 170 की कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 13 जुलाई. रविवार को शाम लगभग 5 बजे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर में चक्काजाम कर दिया, चक्काजाम हरदा में हुई घटना के विरोध में किया गया था.**

हरदा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर, सुनील राजपूत जिला अध्यक्ष हरदा सहित 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और लाठी चार्ज के विरोध में लिया गया है. सलामतपुर में लगभग 15 मिनट तक भोपाल विदिशा हाइवे पर चक्काजाम रहा. इस दौरान भोपाल और विदिशा की और जाने वाले वाहनों की लंबी लाइने लग गई.

**महंगाई** — बरबटी बिक रही 80 रुपये किलो, हरी मिर्च भी सौ रुपये

# बारिश में सब्जियां महंगी, धनिया 150 रुपये किलो

नवभारत न्यूज

**सांई खेड़ा, 13 जुलाई. सावन की रिमझिम बारिश और भीगे मौसम के साथ जहां राहत मिलती है, वहीं रसोई पर इसकी मार बढ़ती जा रही है. नगर में इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं. हरी धनिया 150 रुपए किग्रा और बरबटी 80 रुपए किलो बिक रही है. कई सब्जियों के दाम सामान्य आमदनी वालों के लिए जेब पर भारी पड़ने लगे हैं.**



दरअसल, क्षेत्र में बारिश के मौसम के कारण लोकल सब्जियों की पैदावार पर असर पड़ा है. खेतों में जलभराव और लगातार बारिश के कारण हरी सब्जी की खेती प्रभावित हो रही है. इस कारण से सिलवानी क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत सब्जियां अब सागर, भोपाल और आसपास के जिलों से मंगाई जा रही हैं. वहीं, ट्रांसपोर्टेशन लागत भी सब्जियों की कीमतों में इजाफा कर रही है. गृहणियों की मानें तो उन्हें अब हफ्ते में तीन बार की सब्जी खरीद को घटाकर एक या दो बार करना पड़ रहा है. महंगाई के कारण लोगों ने विकल्पों की ओर रुख किया है जैसे दाल या सूखी सब्जियां.

लोगों का कहना है कि एक ओर महंगाई की मार और दूसरी ओर सब्जियों की इस कदर कीमत बढ़ जाना, घरेलू बजट को बिगाड़ रहा है.

**सब्जी कीमत (रुपए प्रति किलो)**

हरी धनिया-150 , बरबटी -80, शिमला मिर्च-140 , लहसुन 150, हरी मिर्च 100, करेला 80 , अरबी 60, चुकंदर 60, गाजर 60, तुरई 60, भिंडी 50, टमाटर 60, गोभी 50, बैगन 40, पालक 40, खीरा 30, कद्दू 30, लौकी 30 ,बंद गोभी 20 , आलू 20 , प्याज 20

**मांग अधिक आपूर्ति कम होने से दाम बढ़े...**

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि फिलहाल दामों में कोई राहत नहीं दिख रही है. सब्जी विक्रेता नर्मदा खटीक और सुनील कुमार बताते हैं कि बारिश के मौसम में बाहर से आने वाली सब्जियों पर निर्भरता बढ़ जाती है. वहीं फुटकर विक्रेता रमेश कुशवाहा का कहना है कि क्षेत्र में सब्जियों की खेती सीमित है, जिससे बारिश के दौरान मांग और आपूर्ति में भारी अंतर हो जाता है.